# समाचार वाणी
## ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# हरे निशान पर खुला भारतीय शेयर बाजार, 380 अंक चढ़ा सेसेंक्स ; निफ्टी 25100 के पार।

Publisher

Published on 09 Jun 2025




## भारतीय शेयर बाजार (Indian Stock Market) आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को हरे निशान मे खुला। सेसेंक्स (Sensex) और निफ्टी (Nifty 50) दोनों मे अच्छी बढ़त देखी गई। बैंकिंग और फाइनेशियल सेक्टर के शेयरों मे जबरदस्त खरीदारी का माहौल है।

**तेजी के साथ हुई बाजार की शुरुआत**

**मुंबई :** आज सुबह बाजार खुलते ही **बीएसई सेसेंक्स 379 अंक** या 0.46% की तेजी के साथ **82,568** पर पहुंच गया। वहीं, **एनएसई निफ्टी 50 116 अंक या 0.47%** की बढ़त के साथ 25,119 अंक पर खुला।

**बैकं निफ्टी (Bank Nifty) 362** अंक यानी **0.64%** बढ़कर 56,940 पर खुला। इसके अलावा **निफ्टी मिडकैप 100 (Nifty Midcap 100)** में भी 348 अंक यानी **0.59%** की मजबूती देखी गई और यह 59,358 अंक पर खुला।

**बैकिंग और फाइनेशियल शेयरों मे जोरदार खरीदारी**

सुबह 9:30 बजे के बाद बैंक **निफ्टी इंडेक्स 0.44%** या 250 अंकों की बढ़त के साथ 56,828.75 पर कारोबार करता नजर आया। बैंकिंग सेक्टर में विशेष रूप से इन शेयरों में शानदार प्रदर्शन रहा:

१. **कोटक महिंद्रा बैकं (Kotak Mahindra Bank): +2.5%**

२. **केनरा बैंक (Canara Bank): +2%**

३. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक (IDFC First Bank): +1.5%**

निफ्टी 50 के टॉप गेनर्स

१. **श्रीराम फाइनेंस (Shriram Finance)**

२. **इंडसइंड बैंक (IndusInd Bank)**

३. **एक्सिस बैंक (Axis Bank)**

४. **कोटक महिंद्रा बैंक (Kotak Mahindra Bank)**

५. **बजाज फाइनेंस (Bajaj Finance)**

दबाव में रहे ये शेयर

१. **SBI लाइफ इंश्योरेंस (SBI Life Insurance)**

२. **जोमैटो (Zomato)**

३. **टाइटन (Titan)**

**प्राइवेट बैंक और PSU बैंक इंडेक्स की स्थिति**
**निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स मे 0.8%** की तेजी रही, और यह 28,067.95 पर पहुंच गया। इसमें **आरबीएल बैंक (RBL Bank), कोटक महिंद्रा बैंक और बंधन बैंक (Bandhan Bank) टॉप परफॉर्मर** रहे।

**निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स मे भी 1.2%** की बढ़त दर्ज की गई। **यूको बैंक (UCO Bank), बैंक ऑफ महाराष्ट्र (Bank of Maharashtra) और इंडियन ओवरसीज बैंक (Indian Overseas Bank) के शेयरों मे 3-4%** की तेजी रही।

**अमेरिका-चीन बैठक से ग्लोबल सेटिंमेंट मजबूत**
**रेपो रेट मे 50 बेसिस पॉइंट** की कटौती के बाद ग्लोबल स्तर पर भी सकारात्मक संकेत मिले। **अमेरिका और चीन** के बीच आज लंदन में व्यापार वार्ता होनी है। इससे पहले मई में जिनेवा में हुई बातचीत के बाद अमेरिका ने चीन पर टैरिफ को **145%** से घटाकर **30%** कर दिया था और चीन ने भी अमेरिकी आयात पर टैरिफ **125%** से घटाकर 10% कर दिया था। यह समझौता 90 दिनों के लिए प्रभावी रहेगा।
इस सकारात्मक माहौल का भारतीय बाजार पर भी सकारात्मक असर दिख रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.